आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–07 अक्टूबर 2024 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज शाम वाराणसी पहुंचे। उन्होंने सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि सभी निर्माणाधीन परियोजनायें तय समय–सीमा और पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण होनी चाहिए। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीस अक्टूबर को प्रस्तावित दो दिवसीय वाराणसी दौरे को लेकर तैयारियों की भी जानकारी ली। समीक्षा बैठक के बाद मुख्यमंत्री सिगरा स्थित भारत सेवाश्रम संघ पहुंचे हैं, यहां दुर्गापूजा उत्सव में शामिल होने के बाद वह सिगरा खेल स्टेडियम जाकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण करेंगे। उम्मीद जतायी जा रही है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बीस अक्टूबर के प्रस्तावित दौरे में छः सौ पचास करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने त्योहारों के मद्देनजर आज लखनऊ में मुख्य सचिव, डीजीपी, अपर मुख्य सचिव गृह, एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हर मत, संप्रदाय की आस्था का सम्मान होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अगर आस्था के साथ खिलवाड़ करेगा, महापुरुषों, देवी–देवता, संप्रदाय आदि की आस्था के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करेगा, तो उसे कानून के दायरे में लाकर कठोरता पूर्वक सजा दिलवाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि शारदीय नवरात्र और विजयदशमी का पर्व हर्षोल्लास, शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल के बीच संपन्न हो, यह प्रत्येक जनपद–प्रत्येक थाना को सुनिश्चित करना होगा। माहौल खराब करने वालों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई करें। महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भीड़भाड़ वाले इलाकों में फुट पेट्रोलिंग और पीआरवी एक सौ बारह की पेट्रोलिंग तेज की जाए।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संवैधानिक पद पर आज तेइस वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया एकाउण्ट एक्स पर पोस्ट लिखकर उन्हें शुभकामनायें दी हैं। मुख्यमंत्री ने लिखा कि मोदी जी के प्रेरणादायक तेइस वर्ष हर जनप्रतिनिधि के लिये उत्कृष्ट मार्गदर्शक हैं। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हर नीति और हर योजना ने वंचितों तथा गरीबों के समग्र उत्थान को नये आयाम प्रदान किये हैं। उनका नेतृत्व सेवा, सुशासन और सुरक्षा के लिये समर्पित है।

****

प्रदेश के ऊर्जा और नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने अपने प्रभार वाले भदोही जिले में आज विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सड़कों को गड्ढामुक्त करने के साथ बिजली व्यवस्था को दुरूस्त रखा जाय।

****

शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन आज मां आदिशक्ति जगत जननी दुर्गा के पांचवें स्वरूप स्कन्द माता की पूजा की जा रही है। राज्य के विभिन्न शक्ति पीठों और मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी हुयी है। बलरामपुर स्थित देवीपाटन शक्तिपीठ में दर्शन–पूजन के लिये आसपास के जिलों के अलावा पड़ोसी देश नेपाल से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। वाराणसी के भागेश्वरी देवी मंदिर में आज श्रद्धालुओं ने देवी स्कन्द माता की विशेष आराधना की। महराजगंज जिले के लेहड़ा माता मंदिर, गोरखपुर के कुसम्ही जंगल स्थित बुढ़िया माई मंदिर और चौरीचौरा क्षेत्र स्थित ऐतिहासिक तरकुलहा माता मंदिर में आज सुबह से ही देवी भक्तों का तांता लगा हुआ है।

****

गोरखपुर जिले के कचहरी बस स्टेशन से परिवहन निगम ने नवरात्र में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये आज से विन्ध्याचल के लिये सीधी बस सेवा शुरू की है। परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक लव कुमार सिंह ने बताया कि प्रतिदिन दो बसें गोरखपुर से सीधे विन्ध्याचल के लिये चलायी जायेंगी।

****

लखनऊ के आमिर अली को भारत की जूनियर हॉकी टीम का कप्तान बनाया गया है। वह मलेशिया में होने जा रही सुल्तान जोहोर कप हॉकी प्रतियोगिता में भारतीय हॉकी टीम की कमान सम्भालेंगे।

****

उत्तर प्रदेश हॉकी क पूर्व उपाध्यक्ष स्वर्गीय धीरज सिंह हरीश की पहली पुण्यतिथि पर आज गोरखपुर के क्षेत्रीय क्रीडांगन में मण्डलीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने किया।

****

राज्य के पश्चिमी हिस्से से मानसून की विदाई हो गयी है और कल से पूर्वी हिस्से में भी मानसून का दौर समाप्त होने का अनुमान लगाया गया है। इस बीच आज पूर्वी उत्तर प्रदेश का मौसम शुष्क बना रहा। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि इस बार पूर्वी उत्तर प्रदेश में घने कोहरे के साथ गतवर्ष की तुलना में अधिक ठंड पड़ेगी।

****